# 1 अभ्यास प्रश्न-पत्र

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 90**

**खंड–क (20 अंक), खंड–ख (15 अंक), खंड–ग (35 अंक), खंड–घ (20 अंक)**

## खंड–'क'

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए–**

बालक अपने माता-पिता से अनुकरण द्वारा जिस भाषा को सीखता है, वह उसकी मातृभाषा होती है। वह उसके घर में बोली जाती है और विद्यालय में जाने से पहले भी बालक अपनी घरेलू भाषा में बातचीत कर लेता है। प्रायः किसी वर्ग विशेष, समाज विशेष या प्रांत विशेष में बोली जाने वाली भाषा उसके सदस्यों की मातृभाषा होती है। वे घर में, घर से बाहर, मित्रों में, विद्यालय में और निकटवर्ती समाज में इसी भाषा का प्रयोग करते हैं। कई शिक्षाशास्त्रियों के मत में मातृभाषा के माध्यम से बालक को शिक्षा देना सुलभ और सुगम होता है। वह उस भाषा के घरेलू, अपरिमार्जित और व्याकरण रहित रूप से पहले ही परिचित होता है। केवल उसकी लिपि, व्याकरण तथा साहित्यिक रूप सिखाने से वह उसे शीघ्र हृदयंगम कर सकता है। ऐसी भाषा के माध्यम से वह अन्य विषयों को भी शीघ्र पढ़-लिख सकता है।

मातृभाषा के अतिरिक्त राष्ट्रभाषा या अंतर्राष्ट्रीय भाषा भी शिक्षा का माध्यम होती है। इनमें से राष्ट्रभाषा उस भाषा को कहते हैं, जो किसी राष्ट्र की विभिन्न भाषाओं में प्रधान होती है। वह अपने क्षेत्र या प्रांतों की भाषा तो होती ही है, परंतु राजकीय कार्यों में तथा सार्वजनिक क्षेत्र में समस्त देश में प्रयुक्त होने के कारण सारे देश में साझी भाषा बन जाती है। आज हिंदी को भारतवर्ष में वही गौरव प्राप्त है। इसी प्रकार जिस भाषा का विभिन्न राष्ट्रों के आपसी व्यापार तथा राजकीय कार्यों में प्रयोग होता है, उसे अंतर्राष्ट्रीय भाषा कहते हैं। आजकल अंग्रेज़ी अंतर्राष्ट्रीय भाषा है। अंग्रेज़ी शासनकाल में भारत में शिक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी बना दिया गया था, जो बहुत अंशों में अब भी विद्यमान है।

**(*i*) मातृभाषा से क्या अभिप्राय है?**

(क) वह भाषा, जो माता से सीखी जाती है।

(ख) वह भाषा, जो घर में रहकर सीखी जाती है।

(ग) वह भाषा, जो माता-पिता का अनुकरण कर बच्चा घर में सीखता है।

(घ) कोई भी भाषा।

**(*ii*) मातृभाषा के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देना .............. और .............. होता है।**

(क) लाभकारी, आसान (ख) कठिन, अच्छा

(ग) मुश्किल, कठोर (घ) आसान, जल्दी

**(*iii*) राष्ट्रभाषा किसे कहते हैं?**

(क) राष्ट्र की भाषा को

(ख) राष्ट्र की विभिन्न भाषाओं में गौण भाषा को

(ग) सारे देश की मिली-जुली भाषा को

(घ) राष्ट्र की विभिन्न भाषाओं में श्रेष्ठ भाषा को

**(*iv*) 'सार्वजनिक' शब्द में मूल शब्द तथा प्रत्यय हैं–**

(क) सर्वजन + इक (ख) सार्व + जन + इक

(ग) सार्व + जनिक (घ) सार् + जनिक

**(*v*) अंग्रेज़ी शासनकाल में शिक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी क्यों था?**

(क) भारतीयों को अंग्रेज़ी अच्छी लगती थी। (ख) अंग्रेज़ी आसान भाषा थी।

(ग) भारतीय विदेश जाना चाहते थे। (घ) अंग्रेज़ अपनी सरकार चलाने के लिए भारतीयों को तैयार कर रहे थे।

**2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए–**

संघर्ष से हटकर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम।
जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झरकर कुसुम।
जो लक्ष्य भूल रुका नहीं।
जो हार देख झुका नहीं।
जिसने प्रणय पाथेय माना जीत उसकी ही रही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे।
जो है जहाँ चुपचाप अपने-आप से लड़ता रहे।
जो भी परिस्थितियाँ मिलें
काँटे चुभें, कलियाँ खिलें
हारे नहीं इनसान, है संदेश जीवन का यही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।
हमने रचा आओ हमी अब तोड़ दें इस प्यार को।
यह क्या मिलना, मिलना वही जो मोड़ दे मँझधार को।
जो साथ फूलों के चले
जो ढाल पाते ही ढले
वह ज़िंदगी क्या, ज़िंदगी जो सिर्फ़ पानी-सी बही
सच हम नहीं सच तुम नहीं।

**(*i*) जीवन में जीत किसकी होती है?**

(क) जो हार देखकर झुकता नहीं है।
(ख) जो हमेशा आगे रहता है।
(ग) जो छलकपट करता है।
(घ) जो तेज़ दौड़ता है।

**(*ii*) जीवन की सच्चाई क्या है?**

(क) सच बोलना
(ख) संघर्ष करना
(ग) आगे बढ़ते रहना
(घ) हार मानना

**(*iii*) मनुष्य को क्या ऐसा करना चाहिए, जिससे जीवन स्थिर न हो?**

(क) हमेशा चलते रहना चाहिए।
(ख) कभी बैठना नहीं चाहिए।
(ग) सदा परिस्थितियों का सामना करना चाहिए।
(घ) हमेशा परिश्रम करना चाहिए।

**(*iv*) 'अपने आप से लड़ना' का क्या तात्पर्य है?**

(क) अपने से लड़ाई करना
(ख) मन को एकाग्रचित्त करना
(ग) आपस में लड़ाई करना
(घ) अपने रिश्तेदारों से लड़ना

**(*v*) 'ज़िंदगी जो सिर्फ़ पानी-सी बही' में कौन-सा अलंकार है?**

(क) उपमा
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) अनुप्रास
(घ) श्लेष

## खंड–'ख'

**3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–**

(क) 'स्वावलंबन' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द अलग करके लिखिए।
(ख) 'प्रति' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।
(ग) 'मानवीय' शब्द में प्रयुक्त मूल व प्रत्यय शब्द अलग करके लिखिए।
(घ) 'इक' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

**4. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–**

(क) 'पतझड़' एवं 'यथाशक्ति' समस्तपदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए।
(ख) 'दो पहरों का समाहार' समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए।

**5. (क) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए–**

(*i*) यह बगीचा बहुत सुंदर है। (विस्मयवाचक में)

(*ii*) उसने अपना कार्य समाप्त कर लिया है। (निषेधवाचक में)

(*iii*) वर्षा होने पर फ़सल अच्छी होगी। (संकेतवाचक में)

**(ख) 'भगवान आपको लंबी आयु प्रदान करे।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए।**

**6. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम बताइए–**

(क) बरसा रहा है रवि अनल, भूतल तवा-सा जल रहा।

(ख) मैया मैं तो चंद्र-खिलौना लैहों।

(ग) विमल वाणी ने वीणा ली।

(घ) आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार ॥

## खंड–'ग'

**7. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश के प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

आपके विरुद्ध जिन्होंने शस्त्र उठाये थे, वे दोषी हैं; पर इस जड़ पदार्थ मकान ने आपका क्या अपराध किया है? मेरा उद्देश्य इतना ही है कि यह स्थान मुझे बहुत प्रिय है, इसीलिए मैं प्रार्थना करती हूँ, कि इस मकान की रक्षा कीजिए।

सेनापति ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि कर्तव्य के अनुरोध से मुझे यह मकान गिराना ही होगा। इस पर उस बालिका ने अपना परिचय बताते हुए कहा, कि–''मैं जानती हूँ, कि आप जनरल 'हे' हैं। आपकी प्यारी कन्या 'मेरी' में और मुझमें बहुत प्रेम-संबंध था। कई वर्ष पूर्व मेरी मेरे पास बराबर आती थी और मुझे हृदय से चाहती थी। उस समय आप भी हमारे यहाँ आते थे और मुझे अपनी पुत्री के ही समान प्यार करते थे। मालूम होता है कि आप वे सब बातें भूल गए हैं। 'मेरी' की मृत्यु से मैं बहुत दुःखी हुई थी; उसकी एक चिट्ठी मेरे पास अब तक है।''

**(क) मैना महल की रक्षा क्यों करना चाहती थी?**

**(ख) सेनापति मकान क्यों गिराना चाहता था?**

**(ग) सेनापति दुखी क्यों हो गए?**

**अथवा**

जब मैं इस मूक हृदय का प्राणपण आत्मनिवेदन देखता हूँ, जिसमें वह अपनी दीनता बताता रहता है, जब मैं यह सोच ही नहीं पाता कि उसने अपने सहज बोध से मानव स्वरूप में कौन-सा मूल्य आविष्कार किया है, इसकी भाषाहीन दृष्टि की करुण व्याकुलता जो कुछ समझती है, उसे समझा नहीं पाती और मुझे इस सृष्टि में मनुष्य का सच्चा परिचय समझा देती है। इस प्रकार कवि की मर्मभेदी दृष्टि ने इस भाषाहीन प्राणी की करुण दृष्टि के भीतर उस विशाल मानव-सत्य को देखा है, जो मनुष्य मनुष्य के अंदर भी नहीं देख पाता।

**(क) 'मैं' शब्द किसके लिए आया है? और वे अपने मन में क्या विचार कर रहे हैं?**

**(ख) "भाषाहीन प्राणी की करुण दृष्टि के भीतर उस विशाल मानव-सत्य को देखा है, जो मनुष्य-मनुष्य के अंदर भी नहीं देख पाता।"
–भाव स्पष्ट कीजिए।**

**(ग) गद्यांश के आधार पर बताइए कि मनुष्य के बारे में क्या पता चला?**

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) प्रेमचंद का स्वभाव कैसा था? 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) 'नाना साहब की पुत्री देवी मैना को भस्म कर दिया गया' पाठ के आधार पर लिखिए कि सर टामस 'हे' के मैना पर दया भाव के क्या कारण रहे होंगे?

(ग) 'एक कुत्ता और एक मैना' पाठ के आधार पर लिखिए कि श्रीनिकेतन में ऐसा कौन-सा आकर्षण था, जिसके कारण गुरुदेव ने वहाँ रहने का मन बनाया?

(घ) लेखिका महादेवी वर्मा ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

(ङ) 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ में 'टीले' शब्द का प्रयोग किन संदर्भों को इंगित करने के लिए किया होगा?

**9. निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश के प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

देख आया चंद्र गहना।
देखता हूँ दृश्य अब मैं

मेड़ पर इस खेत की बैठा अकेला।
एक बीते के बराबर
यह हरा ठिगना चना,
बाँधे मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का,
सजकर खड़ा है।
पास ही मिलकर उगी है
बीच में अलसी हठीली
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नील फूले फूल को सिर पर चढ़ा कर
कह रही है, जो छुए यह
दूँ हृदय का दान उसको।

**(क) कवि कहाँ से आया और कहाँ रुक गया?**

**(ख) अलसी को देखकर कवि ने क्या कल्पना की है?**

**(ग) अलसी का पौधा कैसा होता है?**

**अथवा**

तब मैं छोटा था
और मैंने यमराज के घर का पता पूछा था
उसने बताया था
तुम जहाँ भी हो वहाँ से हमेशा दक्षिण में
माँ की समझाइश के बाद
दक्षिण दिशा में पैर करके मैं कभी नहीं सोया
और इससे इतना फ़ायदा ज़रूर हुआ
दक्षिण दिशा पहचानने में
मुझे कभी मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ा
मैं दक्षिण में दूर-दूर तक गया
और मुझे हमेशा माँ याद आई
दक्षिण को लाँघ लेना संभव नहीं था
होता छोर तक पहुँच पाना
तो यमराज का घर देख लेता

**(क) कवि चंद्रकांत देवताले ने अपनी माँ से क्या प्रश्न किया और माँ ने उसका क्या उत्तर दिया?**

**(ख) दक्षिण के छोर को लाँघना संभव क्यों नहीं था? यदि संभव होता, तो कवि क्या करता?**

**(ग) कवि को माँ के समझाने का सबसे बड़ा फ़ायदा क्या मिला?**

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता के आधार पर बताइए कि सुविधा और मनोरंजन के उपकरणों से बच्चे वंचित क्यों हैं?

(ख) 'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता के कवि सरसों को 'सयानी' कहकर क्या कहना चाहते हैं?

(ग) 'नगरीय संस्कृति' के प्रति कवि केदारनाथ अग्रवाल का क्या आक्रोश है और क्यों?

(घ) कवि चंद्रकांत देवताले के अनुसार आज हर दिशा दक्षिण दिशा क्यों हो गई है?

(ङ) 'मेघ आए' कविता में गाँव में किसके आगमन का उल्लास दृष्टिगोचर होता है और क्यों?

***11. रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद बात-बात पर 'एक हमारा जमाना था ..............' कहकर अपने समय की तुलना वर्तमान समय से करते हैं। इस प्रकार की तुलना करना आपके विचार से कहाँ तक तर्कसंगत है? आप उन्हें किस प्रकार समझाएँगे?**

---

*** मूल्याधारित प्रश्न**

## खंड–'घ'

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए–**

**(क) प्रदूषण की समस्या**

**संकेत बिंदु**–भूमिका, प्रदूषण के प्रकार, प्रदूषण को रोकने के उपाय, उपसंहार।

**(ख) परिश्रम सफलता की कुंजी है**

**संकेत बिंदु**–भूमिका–प्रकृति और परिश्रम, सफलता का वरण, परिश्रम और आत्मिक शांति।

**(ग) बढ़ती आबादी : विकट समस्या**

**संकेत बिंदु**–भूमिका, आबादी बढ़ने के कारण, जनसंख्या वृद्धि रोकने के उपाय, उपसंहार।

**13. ऐतिहासिक भ्रमण पर जाने के लिए अनुमति प्राप्त करने हेतु पिता जी को पत्र लिखिए।**

अथवा

**अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारी को क्षेत्र में समय से सफ़ाई न होने का शिकायती पत्र लिखिए।**

**14. अपने विद्यालय में आयोजित 'हॉकी मैच' पर प्रतिवेदन लिखिए।**